# कूड़ा फेंकने पर डोमिनोज पिज्जा पर 5000 का जुर्माना

## शहर को स्वच्छ बनाने में सभी सहयोग करें: मेयर दीपक बाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम महापौर दीपक बाली के मार्गदर्शन में शहर में चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी द्वारा सरकारी अस्पताल के सामने लगाए गए 3 डस्टबिनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि डस्टबिन खाली थे, जबकि उनके नीचे कूड़ा फैला हुआ था। जांच करने पर उक्त कूड़ा डोमिनोज पिज्जा का पाया गया। डॉ. अमरजीत सिंह साहनी द्वारा डोमिनोज के कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर निर्देश दिया गया कि वे तत्काल अपना कूड़ा उठाएं, अन्यथा उक्त कूड़ा उनके प्रतिष्ठान के गेट पर रख दिया जाएगा। इसके बावजूद संबंधित कर्मचारियों द्वारा कूड़ा नहीं उठाया गया जिस कारण मजबूर होकर नगर निगम के सफाई कर्मचारियों द्वारा उक्त कूड़े को एकत्रित कर डिब्बों में भरकर डोमिनोज के गेट पर रख दिया गया। साथ ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सख्त निर्देश दिए गए कि भविष्य में यदि पुनः इस प्रकार खुले में कूड़ा फैलाते हुए पाया गया तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध और कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा कूड़ा उनके गेट/प्रतिष्ठान पर ही वापस रखा जाएगा। गंदगी फैलाने एवं स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने पर 5 हजार की चालानी कार्रवाई भी की गई। महापौर दीपक बाली और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी ने शहर की जनता के साथ-साथ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अनुरोध किया है कि वह शहर को साफ स्वच्छ रखने में अपना सहयोग करें क्योंकि सब के सहयोग से ही शहर स्वच्छ बन सकेगा डस्टबिन का ही उपयोग करें।



## मातृ दिवस पर सूर्या रोशनी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** उत्तराखंड स्थित सूर्या रोशनी लिमिटेड द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मानव सेवा और सामाजिक सरोकारों को समर्पित इस शिविर में कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में कंपनी के प्लांट हेड शुभम चमोली, तकनीकी प्रमुख मनीष गुप्ता, वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव कुमार, सीओ आशुतोष मिश्रा सहित समस्त कर्मचारियों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर प्लांट प्रमुख शुभम चमोली ने कहा कि आपका एक यूनिट रक्त किसी व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने बताया कि हम सबके प्रेरणास्रोत पदमश्री जयप्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में काशीपुर, मालनपुर सहित लाइटिंग डिवीजन की विभिन्न इकाइयों में भी लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे समाज में सेवा और जागरूकता का संदेश पहुँच रहा है। कार्यक्रम में दिनेश चौहान, मोनापारा जिग्नेश, शेखर जोशी, नितिन साहू, मनोज यादव, परितोष मिश्रा, पवन चौहान, नरेंद्र शर्मा, विकास राघव, सुरेश विरादर, विशाल सैनी, संदीप तिवारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## एक नजर

### जनपद में घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था सुचारू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद में घरेलू एलपीजी गैस एवं ईंधन आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू बनी हुई है। जिला पूर्ति अधिकारी बबलू पांडे ने बताया कि सोमवार को विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। इंडेन और भारत गैस एजेंसियों द्वारा बागेश्वर, गरुड़, कपकोट, कांडा, शामा समेत विभिन्न क्षेत्रों में सैकड़ों गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। जिला प्रशासन लगातार आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी कर रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद के 12 पेट्रोल पंपों पर लगभग 1 लाख लीटर डीजल और 94 हजार लीटर से अधिक पेट्रोल उपलब्ध है, जिससे ईंधन आपूर्ति भी सामान्य बनी हुई है।

### आधुनिक खेती और सुरक्षित फसलों पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल की निगरानी में हवालबाग स्थित लाइन स्टेट फार्म में गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग की गई। इस दौरान उन्होंने स्वयं खेत में फसल काटकर किसानों से संवाद किया। जिलाधिकारी ने बताया कि क्रॉप कटिंग के आंकड़ों का उपयोग उत्पादन अनुमान, उत्पादकता गणना और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दावों के भुगतान में किया जाता है। प्रयोग के दौरान पहले प्लाट से 12.4 किग्रा और दूसरे प्लाट से 13 किग्रा गेहूं की बालियां प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने जलवायु अनुकूल और जंगली जानवरों से सुरक्षित फसलों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए आधुनिक तकनीक आधारित खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने बागवानी, बेमौसमी सब्जियों और औषधीय फसलों को किसानों के लिए लाभकारी बताया।

### सड़क, बिजली और पानी की समस्याएं उठीं

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देश पर आयोजित जनता दरबार में सोमवार को सड़क, बिजली, पानी, गैस और ईंधन आपूर्ति समेत विभिन्न विभागों से जुड़ी 18 शिकायतें दर्ज की गईं। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जनता दरबार में मंडलसेरा की बिजली समस्या, नदी गांव में पेयजल संकट और गिरिछीना सड़क के गड्ढों समेत कई मामलों पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं चौरा-भैरुचौबट्टा सड़क सुधार के लिए स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। सीडीओ ने सीएम हेल्पलाइन और 'हैलो बागेश्वर' पर लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### मौसम बदला, बढ़ीं बीमारियां, अस्पताल में भीड़

**बागेश्वर।** जिले में तीन दिन की भीषण गर्मी के बाद सोमवार को मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली। सुबह से चटक धूप खिली रही, लेकिन दोपहर बाद तेज आंधी के साथ बारिश हुई। वहीं शाम तक आसमान में बादल छाए रहे। लगातार बदल रहे मौसम का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। मौसम संबंधी बीमारियों से ग्रस्त मरीज बड़ी संख्या में जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। सोमवार सुबह से ही अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ती रही। सुबह 11 बजे तक ही करीब 300 ओपीडी पर्चे कट चुके थे। पर्ची काउंटर से लेकर दवा वितरण कक्ष तक लंबी कतारें लगी रहीं। अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश मरीज बुखार, खांसी, जुकाम और पेट दर्द जैसी समस्याओं से परेशान मिले। जिला अस्पताल में तैनात फिजिशियन डा. गौरव सिंह कैड़ा सुबह से दोपहर दो बजे तक लगातार मरीजों को देखते रहे। उनके साथ ही अन्य चिकित्सकों के कक्षों में भी मरीजों की भीड़ बनी रही। चिकित्सकों ने लोगों से मौसम में हो रहे बदलाव को देखते हुए सावधानी बरतने, साफ पानी पीने और खानपान का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है।

## कोतवाली पुलिस ने पांच वारंटी गिरफ्तार किए

**काशीपुर।** कोतवाली काशीपुर पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर अजय गणपति द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये आदेश/निर्देशों के क्रम में तथा पुलिस अधीक्षक काशीपुर एसके सिंह व क्षेत्राधिकारी प्रशांत कुमार के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली काशीपुर हरेंद्र चौधरी द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गई। गठित पुलिस टीमों के द्वारा अलग-अलग वादों में न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंटों की तामील करते हुए पांच वारंटीयों को, जो काफी लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे तथा जिनकी गिरफ्तारी हेतु न्यायालय द्वारा उनके विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किये गये थे को रविवार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार वारंटियों में धारा 323/504/506 भादवि से संबंधित मंगल सिंह उर्फ मंगी पुत्र सुरजीत सिंह निवासी रम्पुरा कुंडेश्वरी काशीपुर, धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित शिव कुमार पुत्र छत्रपाल निवासी रम्पुरा कुंडेश्वरी काशीपुर, बूटा सिंह पुत्र गुरनाम सिंह निवासी रम्पुरा कुंडेश्वरी काशीपुर, गुरमीत सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी भट्टा कॉलोनी कोतवाली काशीपुर तथा धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित बाबू पुत्र हरपाल सिंह निवासी बंसल सीड्स के बराबर वाली गली शिव मंदिर के पास प्रतापपुर काशीपुर शामिल हैं। वारंटियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मनोज सिंह धोनी, कंचन पडलिया, संजय सिंह, कांस्टेबल प्रकाश चन्द्र शर्मा, नवीन खोलिया, नरेंद्र बोहरा व धीरज सिंह थे।

## शास्त्रीय संगीत की महफिल ने जमाया रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर के शारदा पब्लिक स्कूल में लखनऊ घराना तबला के खलीफा उस्ताद आफाक हुसैन खां की स्मृति में शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम हुआ। इस दौरान लखनऊ, दिल्ली व मुंबई से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम में रंग जमा दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि उस्ताद इल्मास हुसैन खां ने दीप जलाकर किया। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत राजेंद्र नयाल और सुनील कुमार के शिष्य ऋतु जोशी व राजकुमार की जुगलबंदी के साथ हुई।

वहीं, लखनऊ की शास्त्रीय संगीत गायिका रश्मि चौधरी ने शास्त्रीय गायन से कार्यक्रम में रंग जमा दिया। उनके साथ तबले पर संगत की उस्ताद इल्मास हुसैन खां, हारमोनियम पर अयोध्या के दिनकर द्विवेदी, तानपुरे पर संगत ऋतु जोशी और नेहा मुनगली ने की। कार्यक्रम के समापन में इस कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति मुंबई के पंडित योगेश समसी ने एकल तबला वादन के रूप में दी। उनकी इस प्रस्तुति ने दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को तालियां बजाने में मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान शारदा पब्लिक स्कूल की ओर से संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों पर वरिष्ठ रंगकर्मी लता पांडे, पंडित चंद्रशेखर तिवारी, प्रभात लाल साह, निर्मल पंत समेत अन्य को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से रंग जमाया। यहां शारदा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अधिवक्ता शेखर लखचौरा, प्रधानाचार्या विनीता शेखर लखचौरा, वरिष्ठ रंगकर्मी नवीन बिष्ट, राघव पंत, अशोक पांडे, राजेंद्र सिंह नयाल, सुनील कुमार, माधुरी कैड़ा, भाष्कर साह, कल्याण मनकोटी, प्रकाश बिष्ट, बीएस मनकोटी, डा. जेसी दुर्गापाल, पीसी तिवारी, कृतिका भट्ट, दीप वर्मा, राजेंद्र तिवारी, नीरज भट्ट, मोनू पांडे, धनीधर पांडे, निवेदिता बर्थवाल, नीरज बिष्ट, जंग बहादुर थापा समेत कई संगीत प्रेमी मौजूद रहे।



## धूमधाम से मनाया गया मातृ दिवस

**रानीखेत।** गोविंद मैमोरियल स्प्रिंग फील्ड तथा साईं सावित्री पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस हर्षोल्लास, प्रेम और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मां के निस्वार्थ प्रेम, त्याग और ममता के महत्व से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नाटक, कविताएं, गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से माताओं के प्रति अपना प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। बच्चों ने मां के त्याग, संघर्ष और जीवन में उनकी अमूल्य भूमिका को भावपूर्ण अंदाज में प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर रमा माहरा तथा प्रधानाचार्या रितिका कांडपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मां हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती हैं।

## मां बाल सुंदरी मंदिर परिसर में सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** हिंदू वाहिनी संगठन के द्वारा चौती मेला समाप्ति के उपरांत मां बाल सुंदरी मंदिर परिसर में विशाल स्वच्छता एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। धार्मिक आस्था, सेवा भाव और सामाजिक जिम्मेदारी के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्ति ने बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हुए मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम हिंदू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी उत्तराखंड आनंद तिवारी के नेतृत्व और अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रुचिन शर्मा के मार्गदशन और व्यवस्था में व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर महेंद्र सिंह सिसोदिया, मनोज शर्मा, विनायक शर्मा, मोहित चौहान, अर्जुन चौहान, अवनीश चौहान, मयंक, अनिल वर्मा, विवेक शुक्ला, शिवम शर्मा, यश शर्मा, पूजा अरोड़ा, रसिका सक्सेना, प्रतिमा मिश्रा, बबीता वर्मा, करुणा विश्नोई, रानी यादव, प्रियंका पाल, सरिता कश्यप, प्रियंका मिश्रा, किरण फर्त्याल, राधा चौहान समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मां बालसुंदरी के मुख्य पांडा विकास अग्निहोत्री को भगवान राम लला का सम्मान चिन्ह देकर और शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया।

## शहीद दिनेश बिष्ट को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** हवालबाग ब्लॉक के फलसीमा में सोमवार को अमर शहीद सैनिक दिनेश बिष्ट की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान शहीद की प्रतिमा में पुष्प अर्पित वीर सपूत को नमन किया गया। वहीं, देश के लिए उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल ने किया। इस दौरान उन्होंने शहीद की माता बिशनी देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पिलख्वाल ने कहा कि आजादी से पहले और आजादी के बाद उत्तराखंड के वीर सपूतों ने देश की रक्षा में अहम योगदान रहा है। कहा कि आज ही के दिन मणिपुर में आतंकी हमले में वीर सैनिक दिनेश शहीद हुए थे। कहा कि उनके बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा। वहीं, अन्य वक्ताओं ने शहीद दिनेश बिष्ट के अदम्य साहस व शौर्य को नमन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रेम सिंह लटवाल, ग्राम प्रधान चम्पा बिष्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपा देवी, राजेंद्र सिंह बिष्ट, भगवत बिष्ट, बिशन सिंह बिष्ट, मनोज बिष्ट, वीरेंद्र सिंह, बलवंत बिष्ट, किशन बिष्ट, दीपक सिंह, गोलू बिष्ट, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह, भुवन सिंह, भूपाल सिंह, माया देवी, किरन बिष्ट, महिमा बिष्ट, अनिता देवी, सावित्री देवी, नंदी देवी समेत अन्य मौजूद रहे।



## ज्ञानार्थी कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे

**काशीपुर।** ज्ञानार्थी कॉलेज में मदर्स डे बड़े ही उत्साह और भावनात्मक वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कालेज परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान फाइन आर्ट विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी माताओं की तस्वीरों को सुंदर पोर्ट्रेट के रूप में प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा और अपनी माताओं के प्रति प्रेम को देखकर उपस्थित सभी लोग भावुक हो उठे। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा मदर्स डे पर आधारित गीत एवं रंगारंग प्रस्तुतियां भी दी गईं। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को माता-पिता के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए जीवनभर त्याग और संघर्ष करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को हमेशा अपने माता-पिता का सम्मान करने और उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा, सेक्रेटरी शिवानी मेहरोत्रा, इंस्टीट्यूशन हेड प्रतिमा सिंह एवं डायरेक्टर एकेडमी डॉ. मनोज मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों को मदर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**सूचना: नाम परिवर्तन**

सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं.- V2700317 में भूलवश मेरा नाम JASANDEEP SINGH अंकित हो गया है जबकि सभी दस्तावेजों में वास्तविक नाम JASHANDEEP SINGH अंकित है। भविष्य में मुझे JASHANDEEP SINGH के नाम से जाना व पहचाना जाए।

जशनदीप सिंह पुत्र साहब सिंह
ग्राम पटेरी, तह. किच्छा
(उधम सिंह नगर)।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि ग्राम मुखानी तहसील हल्द्वानी जिला नैनीताल के खसरा नं.-1170 मिन रकवा (167.28) से सम्बंधित पुरानी मूल रजिस्ट्री कहीं गुम हो गयी है जिसके मिलने पर निम्न पते पर सूचित करें- विक्रेता श्री जगविन्दर सिंह (हैप्पी) पुत्र श्री परमजीत सिंह पता ग्राम मुखानी तहसील हल्द्वानी जिला नैनीताल लेता श्री दीपक चन्द्र गुप्ता पुत्र श्री नानक चन्द्र गुप्ता पता आर के टेन्ट हाउस रोड, कुसुमखेड़ा, हल्द्वानी व श्री हरविन्दर सिंह पुत्र श्री कृपाल सिंह पता गली नं.-8 रामपुर रोड, हल्द्वानी (नैनीताल) जो सब रजिस्ट्रार कार्यालय (प्रथम) हल्द्वानी में बही नं.-1 जिल्द सं. -1841 पृष्ठ सं.-273/284 व क्रमांक 6820 तथा दिनांक 07.10.2013 को पंजीकृत है। उपरोक्त रजिस्ट्री का उपयोग किसी भी व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था द्वारा पूर्णतया अवैध माना जाएगा। उक्त प्रोपर्टी यूको बैंक, हल्द्वानी शाखा में ऋण निरुद्ध साम्य मूलक बंधक की जा रही है। अगर किसी को आपत्ति है तो शाखा यूको बैंक हल्द्वानी से 7 दिन में लिखित सम्पर्क करें।


## छह महीने बाद भी नहीं हुआ बागनाथ संग्रहालय का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** बागनाथ मंदिर परिसर में बने संग्रहालय का निर्माण कार्य पूरा हुए छह महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक उसका लोकार्पण नहीं हो पाया है। इसे लेकर बागनाथ मंदिर प्रबंध समिति ने कड़ी नाराजगी जताई है। समिति ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर संग्रहालय का शीघ्र लोकार्पण कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में समिति पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा के बाद राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा संग्रहालय का निर्माण कराया गया था, लेकिन पुरातत्व विभाग अल्मोड़ा की अनदेखी के चलते अब तक इसे आम लोगों के लिए नहीं खोला गया है। इसके कारण दूर-दराज से आने वाले पर्यटक और स्थानीय लोग संग्रहालय में रखी प्राचीन मूर्तियों का अवलोकन नहीं कर पा रहे हैं। समिति ने बताया कि बागनाथ मंदिर राज्य पुरातत्व विभाग के अधीन आता है और परिसर में कई छोटे-छोटे मंदिर भी स्थित हैं। यहां बहुमूल्य एवं प्राचीन मूर्तियां स्थापित हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा और देखरेख के लिए कोई कर्मचारी तैनात नहीं किया गया है। यहां तक कि रात्रि चौकीदार की व्यवस्था भी नहीं है। समिति ने चेतावनी दी कि यदि मंदिर परिसर या मूर्तियों को किसी प्रकार का नुकसान होता है अथवा चोरी की घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी बागनाथ मंदिर प्रबंध समिति की नहीं होगी। समिति ने संग्रहालय का जल्द लोकार्पण करने और सुरक्षा के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रधान पुजारी भरत सिंह रावल, उपाध्यक्ष संजय रावल, अध्यक्ष नंदन सिंह रावल, कोषाध्यक्ष राजा साह, सभासद नवीन रावल और सचिव बालादत्त तिवारी मौजूद थे।

## भागवत कथा व शिव महापुराण जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कपकोट के गुरु गोरखनाथ पोखरी धाम में चल रही संगीतमय श्री श्रीमद भागवत कथा में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचकर कथा और भजन-कीर्तन का आनंद ले रहे हैं। धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। वेद व्यास महंत श्री श्री 108 रमेश दास जी महाराज ने श्रीकृष्ण और बालकृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं का वर्णन किया। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह और कंस वध प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महंत राजेंद्र दास ने कहा कि भगवान विष्णु ने कृष्णावतार में विभिन्न राक्षसों का संहार कर प्राणिमात्र को सुख प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान अलग-अलग रूपों में अवतार लेते हैं। उन्होंने लोगों से दुष्ट संगति और दुर्गुणों से दूर रहकर जीवन को पावन बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पुजारी कुंदन गढ़िया ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। आयोजन में संयोजक नवीन गढ़िया, आचार्य पूरन चंद्र जोशी, यज्ञाधीश ललित सिंह गढ़िया, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत भौर्याल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम शाही, ब्लॉक प्रमुख भावना शाही, पूर्व प्रधान गणेश चंद्र उपाध्याय, राजा जोशी, मुरलीधर जोशी, हरि दत्त जोशी, विमल शाही और डा. प्रताप शाही सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इधर, बाबा बागनाथ मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा भी जारी है। मंदिर में प्रतिदिन वेदव्यास महाराज द्वारा भगवान शिव की कथाओं का रसपान कराया जा रहा है। कथा सुनने के लिए हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। कथा के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जा रही है।



## शांतिबाजार-मठखाल तल्लीडोबा मार्ग का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** दूरस्थ क्षेत्रों के गांव अब जल्द सड़क सुविधा से जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत 78.90 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शांतिबाजार-मठखाल तल्लीडोबा मोटरमार्ग निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट और विधायक पार्वती दास ने किया। ग्रामीण लंबे समय से शांतिबाजार से मठखाल और तल्लीडोबा तक सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मोटरमार्ग निर्माण की घोषणा की थी। भूमि पूजन कार्यक्रम में दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट और विधायक पार्वती दास ने कहा कि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सरकार दूरस्थ गांवों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सड़क निर्माण की शुरुआत होने पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जताई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शोभा आर्य, ब्लॉक प्रमुख किशन सिंह बोरा, जिला पंचायत सदस्य बबलू नेगी, जनार्दन लोहुमी, क्षेत्र पंचायत सदस्य भगवान राणा, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, जेसी आर्य, विधायक प्रतिनिधि भास्कर दास, मंडल अध्यक्ष सुनील दोसाद, संजय जोशी, हरीश रावत, विपिन तिवारी, बाला दत्त भट्ट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस का पुतला फूंका

**काशीपुर।** भाजपा महिला मोर्चा ने बाजपुर रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय के बाहर कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया। इस दौरान महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा उस पर झूठ और भ्रम फैलाकर प्रदेश की राजनीति को दूषित करने का आरोप लगाया। आरोप लगाया कि एक नाबालिग बच्ची का सहारा लेकर भाजपा और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार को बदनाम करने की साजिश रची गई। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा एवं धामी सरकार को बदनाम करने की किसी भी साजिश बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री चंद्रिका फोगाट, राधा चौहान, रजनी ठाकुर, नेहा चौहान, किरण फर्त्याल, नसरीन खान, प्रियंका चौहान, नेहा चौहान थीं।

## हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल बनेगा उर्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** हजरत कालू सैयद बाबा के 52वें उर्स मुबारक की तैयारियां शुरू हो गई हैं। उर्स की तैयारियों को लेकर आयोजित आम बैठक में नगर के विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने पर चर्चा की।

बैठक में हाजी अकबर हुसैन, हाजी मोहम्मद अस्मद तथा एनके गर्ग को अध्यक्ष मंडल के लिए चुना गया। बैठक का संचालन खादिम मोहम्मद मोहसिन ने किया। बैठक में बताया गया कि उर्स मुबारक का आयोजन 9 जून से प्रारम्भ होकर 14 जून 2026 तक चलेगा। 14 जून की सुबह 5 बजे से 8 बजे तक रंग पढ़ा जाएगा तथा कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। वहीं शाम 4 बजे से 6 बजे तक पुरस्कार वितरण एवं हौसला अफजाई कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद उर्स मेला रात्रि 10 बजे तक जारी रहेगा। आयोजकों ने बताया कि 11 जून, गुरुवार को शाम 5 बजे गुलजार मंजिल से गिलाफ ख्वानी (चादर) का जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शाम 6:30 बजे बाबा की मजार पर पहुंचेगा, जहां चादर पेश की जाएगी। उर्स के दौरान कवि सम्मेलन (मुशायरा), सूफियाना कव्वाली और आम लंगर का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से प्रसिद्ध कव्वाल शिरकत करेंगे। तीनों दिन श्रद्धालुओं के लिए लगातार भंडारे की व्यवस्था रहेगी। बैठक के अंत में खादिम मोहम्मद मोहसिन ने सभी धर्मों और समुदायों के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रानीखेत उर्स मुबारक वर्षों से हिन्दू-मुस्लिम एकता, सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल बना हुआ है। बैठक में विनोद जोशी, नंद किशोर गर्ग, संजय पंत, मनोज कुमार पंत, संदीप पाठक, हिमांशु नैनवाल, नेहा मेहरा, राजा मर्दान, विश्व विजय माहरा, कल्पना देवी, महेंद्र मर्तोलिया, अरुण रावत, रमा माहरा, पावस जोशी, तरुण जोशी, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद शफी, रहमत कुरैशी, रियाज अहमद, अमान और अय्यूब सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## मातृ दिवस पर आशा शुक्ला को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व हिन्दी रचनाकार मंच की ओर से अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस पर प्रेस क्लब देहरादून के सभागार में घर-परिवार के साथ-साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय माताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर साहित्य, पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी तमाम हस्तियों ने आधी आबादी का हौसला बढ़ाया और उन्हें यह अहसास कराया कि समाज में महिलाओं का कद पुरुषों के बराबर है। हल्द्वानी शहर की जानी-मानी समाजसेविका व 'मास्क वुमेन' के नाम से विख्यात आशा शुक्ला को भी इस समारोह में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच के संस्थापक व मुख्य अतिथि राघवेन्द्र ठाकुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर कवयित्री डा. वंदना खण्डूरी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

# उपजिलाधिकारी और तहसीलदार को फटकार

## कमिश्नर दीपक रावत के कड़े तेवर: लापरवाह राजस्व निरीक्षकों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं आयुक्त एवं मुख्यमंत्री के सचिव दीपक रावत ने सोमवार को नैनीताल स्थित उपजिला.

■ सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में अभिलेखों एवं रजिस्ट्री दस्तावेजों के रखरखाव में अनियमितताओं पर भी जताई कड़ी आपत्ति

धिकारी कार्यालय तथा तहसील कार्यालय एवं निबंधन कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में विभिन्न लंबित राजस्व वादों, अभिलेखों के रख रखाव तथा कार्यालयीय कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने धारा 229-बी के अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा की। इस दौरान संज्ञान में आया कि कुछ प्रकरण 15 से 20 वर्षों से लंबित हैं। इस पर आयुक्त ने उप जिला मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि पुराने मामलों में अनावश्यक लंबी तिथियां न दी जाएं तथा त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

प्रत्येक सप्ताह में तिथि देकर लंबित वादों का निस्तारण करें। इस दौरान उन्होंने 176 से संबंधित वाद जो संपति बंटवारे के मामले हैं की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कुछ प्रकरणों में उपजिलाधिकारी द्वारा आदेश जारी करने के बावजूद भी संबंधित पटवारियों द्वारा कुर्रे दाखिल नहीं किए गए हैं। इस पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस



जारी किया जाए तथा आवश्यकतानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। निरीक्षण के दौरान कुमाऊं आयुक्त द्वारा 143 भूमि अकृषक किए जाने संबंधित विभिन्न प्राप्त आवेदनों एवं उनके निस्तारण से संबंधित आवेदनों की जानकारी लेते हुए पत्रावलियों का निरीक्षण किया गया। राजस्व अहलमद रोहित पाल. ीवाल द्वारा 143 से संबंधित प्राप्त आवेदनों के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी न रखे जाने व संतोषजनक कार्य नहीं किए जाने व पत्रावलियों एवं अभिलेखों का सही ढंग से रखरखाव न किए जाने सहित कार्यों में लापरवाही बरतने पर कुमाऊं आयुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी नैनीताल को संबंधित कार्मिक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश उपजिलाधिक. ारी नैनीताल को दिए।

निरीक्षण के दौरान कुमाऊं आयुक्त द्वारा इस संबंध में विभिन्न राजस्व निरीक्षक उप निरीक्षकों के द्वारा भी समय पर कार्रवाई नहीं किए जाने के संबंध में उपजिलाधिकारी को ऐसे राजस्व निरीक्षकों की सूची तैयार कर उन्हें भी प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त द्वारा सम्मन तामीली पंजिका, इश्तहार पंजिका एवं विभिन्न पत्रावलियों का भी अवलोकन किया गया। इस संबंध में समय पर कार्य न किए जाने, कार्यों की समीक्षा न किए जाने व लापरवाही बरतने पर उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को भी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि आज ही तहसील क्षेत्र के सभी राजस्व निरीक्षकों एवं उप निरीक्षकों के साथ तहसील में बैठकर 143 से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे जबतक कार्यवाही पूर्ण नहीं हो जाती है तब तक कार्यालय खुला ही रहेगा और अद्यतन रिपोर्ट उन्हें मुहैया कराएंगे। आयुक्त ने धारा 143 के अंतर्गत लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की तथा विलंब के कारणों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा कार्यालयों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। आयुक्त द्वारा उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के निरीक्षण के दौरान अधीनस्थ न्यायालय में लंबित राजस्व वादों की जानकारी लेते हुए दर्ज वादों एवं निस्तारण मामले के बारे में बार.बार बस्ता स्थिति के बारे में उन्होंने 229 बी के मामलो के बारे में वर्ष 2002 से भी लंबित विभिन्न प्रकरणों के संबंध में निर्देश दिए कि पुराने वादों का त्वरित निस्तारण करने हेतु सप्ताह में अथवा तीन-तीन दिन में डेट लगाकर इनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। कुमाऊं आयुक्त ने कहा कि न्यायालयों में दर्ज वादों को आरसीएमएस पोर्टल में भी अपलोड करेंगे इसके अतिरिक्त आयुक्त द्वारा भूमि विवादों बटवारों सहित विभिन्न प्रकरणों जैसे 176 के मामले 209, 210, 166 व 167 सहित विभिन्न राजस्व वादों के बारे में लंबित वादों की जानकारी लेते हुए पत्रावलियो एवं पंजीकाओ का अवलोकन किया गया उन्होंने कहा विभिन्न प्रकरणो पर उपजिलाधिकारी द्वारा आदेश के बावजूद भी पटवारियों द्वारा कुर्रे नहीं बनाए जाने पर आयुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने उप जिला. धिकारी को ऐसे पटवारियों की सूची तैयार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए साथ ही आयुक्त द्वारा कुछ कर्मचारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने को भी कहा गया। इसके उपरांत आयुक्त ने सब. रजिस्ट्रार कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों एवं रजिस्ट्री दस्तावेजों के रखरखाव में अनियमितताएं पाई गईं। जिसमें जमीन की रजिस्ट्री होने के उपरांत संबंधित क्रेता को रजिस्ट्री देने हेतु कार्यालय में रिसिविंग हेतु पंजिका मुहैया न होना तथा अनेक रजिस्ट्री जो हुई भी उनकी विवरण मौके पर मुहैया न होना भी पाया गया। जिसपर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ए दस्तावेजों एवं अभिलेखों के अद्यतन रखरखाव के निर्देश दिए। तथा भविष्य में इस प्रकार की लाप. रवाही न बरतने के साथ ही इस संबंध में सब-रजिस्ट्रार से स्पष्टीकरण भी तलब किया गया है।

# साइबर सेल से कंट्रोल रूम तक कप्तान ने परखी व्यवस्थाएं

## एसएसपी ने किया पुलिस बहुउद्देशीय भवन की शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजूनाथ टीसी ने सोमवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन का वार्षिक निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग, ऑनलाइन सेवाओं को सुचारु बनाए रखने और जनता से जुड़ी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने भवन में संचालित साइबर सेल, डीसीआरबी, शिकायत प्रकोष्ठ,



फाइनेंशियल फ्रॉड यूनिट, टेक्निकल सेल, सूचना सेल, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल, मोबाइल ऐप शाखा, सिटी कंट्रोल रूम और सीसीटीवी यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न शाखाओं में उपयोग किए जा रहे तकनीकी उपकरणों, ऑनलाइन सॉफ्टवेयर और रिकॉर्ड प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया गया। साइबर सेल और फाइनेंशियल फ्रॉड यूनिट के निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने ऑनलाइन ठगी से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने और रिकवरी दर बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को भ्रामक और आपत्तिजनक सूचनाओं पर लगातार नजर बनाए रखने को कहा गया। शिकायत प्रकोष्ठ और मोबाइल ऐप शाखा में आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई। इसके अलावा सिटी कंट्रोल रूम और सीसीटीवी यूनिट में शहर की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को 24 घंटे सतर्क रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। डीसीआरबी शाखा में अपराध अभिलेख, गुमशुदगी रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसपी संचार रेवाधर मठपाल और सीओ अमित कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन की नो पार्किंग में वाहनों का चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम रेलवे स्टेशन परिसर में नो पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ ने सख्त अभियान चलाते हुए छह वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक तरुण वर्मा के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन के पीआरएस कार्यालय के पास विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कई चारपहिया वाहन नो पार्किंग जोन में खड़े मिले, जिस पर आरपीएफ टीम ने कार्रवाई करते हुए छह वाहन चालकों को वाहनों सहित हिरासत में लिया। पकड़े गए लोगों में प्रमोद सिंह बोरा निवासी हल्द्वानी,



रियाज अहमद, दीवान लाल, विवेक कुमार, हेमंत आर्य और मुकेश पिलखवाल निवासी काठगोदाम के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक तरुण वर्मा ने बताया कि रेलवे स्टेशन परिसर में अवैध पार्किंग की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। यात्रियों की सुविधा और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। कार्रवाई के दौरान कांस्टेबल ओपी मीना, सोनू दुहन, नीतेश पांडेय, गो. विंद गिरी मौजूद रहे।

# परीक्षा के समय में बदलाव की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ ने विभाग द्वारा शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए जारी मई माह की मासिक परीक्षा समय सारणी में बदलाव की मांग की है। इस संबंध में संघ ने बयान जारी कर वर्तमान परिस्थितियों में परीक्षा आयोजन पर सवाल उठाए हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ नैनीताल के जिलाध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि अभी तक अधिकांश विद्यालयों में सभी विषयों की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय कार्यक्रम जनगणना के तहत बड़ी संख्या में शिक्षक ड्यूटी में व्यस्त हैं, जिससे कई विद्यालय एकल शिक्षक अथवा वैकल्पिक व्यवस्था के सहारे संचालित हो रहे है। ऐसी स्थिति में इस माह प्रस्तावित मासिक परीक्षा का औचित्य समझ से परे है।

# माताओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शिवेंद्रालय में मातृ दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की माताओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर नन्हे बच्चों ने नृत्य, गीत, कविता और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के




माध्यम से अपनी माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और आभार व्यक्त किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान माताओं ने भी बच्चों के साथ विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेकर कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी माताओं को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों और माताओं के बीच प्रेम, स्नेह एवं भावनात्मक जुड़ाव को और अधिक मजबूत बनाना था। पूरे कार्यक्रम का वातावरण खुशी, उत्साह और भावनाओं से सराबोर रहा। कार्यक्रम में डायरेक्टर भावना धोनी एवं प्रधानाचार्य तनुजा चुफाल, गीता पांडे, आस्था कांडपाल, मधु चिलकोटी, मीतू मैम, मीरा राज, गंगा, निशा उपाध्याय, पूजा बिष्ट, रवि जोशी, स्वीटी अधिकारी, नीलम रौतेला सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# लालकुआं व्यापार मंडल चुनाव की तैयारी तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रति. निधि मंडल नगर इकाई लालकुआं के चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे ने चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। उन्होंने बताया कि लालकुआं के वरिष्ठ व्यापारी संजीव शर्मा को मुख्य चुनाव अधिकारी तथा संजय जोशी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। दोनों अधिका. रियों को सहायक चुनाव अधिका. रियों की नियुक्ति कर जल्द चुनाव कार्यक्रम जारी करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि लालकुआं नगर इकाई में 1060 व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की है। जिला कार्यकारिणी ने नवनियुक्त चुनाव अधिकारियों को बधाई देते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने की अपेक्षा जताई है।

# शादी में पानी पीने पर दलित भाइयों पर हमला!

## जातिसूचक टिप्पणियों का आरोप, थाने का घेराव, हिरासत में चार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते रविवार की रात गौलापार क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान पानी पीने को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया।

आरोप है कि डीजे चला रहे दो दलित भाइयों के साथ बारात पक्ष के कुछ लोगों ने मारपीट की और जातिसूचक टिप्पणियां कीं। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार सुशीला तिवारी अस्पताल में चल रहा है। घटना से नाराज ग्रामीणों और महिलाओं ने काठगोदाम कोतवाली पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने नामजद चोर लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू



कर दी है।

जानकारी के अनुसर देवला मल्ला निवासी उमेश चंद टम्टा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीती रविवार 10 मई की रात गांव में आयोजित विवाह समारोह में उसका भाई शुभम टम्टा डीजे संचालित कर रहा था। उमेश का साला भी उसके साथ सहयोग कर रहा था। इसी दौरान शुभम ने पास में रखे बर्तन से पानी पी लिया, जिस पर वहां मौजूद कुछ युवकों ने आपत्ति जताई। आरोप है कि बात बढ़ने पर युवकों ने शुभम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते कई लोग वहां पहुंच गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए शुभम को बेरहमी से पीटा। घटना की जानकारी मिलने पर उमेश मौके पर पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि इस दौरान उसके सिर पर चाकू से हमला किया गया। मारपीट में घायल शुभम को तत्काल सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर उसका उपचार चल रहा है। घटना से नाराज ग्रामीणों और महिलाओं ने काठगोदाम कोतवाली पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# एसबीआई कर्मचारियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विभिन्न मांगों को लेकर को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने काला मास्क पहनकर प्रशासनिक कार्यालय कुसुमखेड़ा बैंक में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे बैंक कर्मचारियों ने चेताया कि अगर उनकी विभिन्न मांगों को शीघ्र ही पूरा नहीं किया गया तो वह आगामी 25 और 26 मई को देशव्यापी हड़ताल के लिए बाध्य होगे। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन दिल्ली सर्किल के अध्यक्ष कुलदीप सिंह बवेजा ने कहा कि कर्मचारियों का आंदोलन पूरे देश में चल रहा है। आज देशभर में बैंक कर्मचारी काला मास्क पहनकर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों




में संदेशवाहकों और सशस्त्र गार्डों की भर्ती, एनपीएस कर्मचारियों को पेंशन प्रबंधक बदलने का विकल्प, स्थायी नौकरियों में आउटसोर्सिंग बंद करना, पर्याप्त स्टाफ की भर्ती, करियर प्रगति योजना की समीक्षा और चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना में सुधार शामिल है। इसके अलावा क्रॉस सेलिंग के नाम पर गलत बिक्री पर रोक लगाने की भी मांग की गई। बवेजा ने कहा कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो 25 और 26 मई को बैंक कर्मचारी, लिपिक और अधीनस्थ वर्ग देशव्यापी हड़ताल पर जाएंगे। प्रदर्शन करने वालो में क्षेत्रीय सचिव चंदन रावत, आंचलिक सचिव लोकेश गुरुरानी, राकेश तिवारी, सचिन बलदिया, गणेश मर्तोलिया, आशीष प्रेमी, गोधन सिंह बोहरा, राजीव मनराल, कविता पांडेय, प्रियंका यादव, रेनू बिष्ट समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# गौलापार के देवला तल्ला ग्रामदेवी मंदिर में चोरी

**हल्द्वानी।** गौलापार क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवला तल्ला पजांया बाग. जाला स्थित ग्रामदेवी मंदिर में चोरी की घटना सामने आने के बाद ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। इस मामले को लेकर ग्राम प्रधान बालम सिंह नौला ने थाना काठगोदाम में तहरीर सौंपते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार बीते 9 मई को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे के बीच अज्ञात चोर मंदिर से तांबे का कलश, नाग देवता की प्रतिमा, अग्रकुंडी, पंचपात्र, पीतल का दीपक तथा आरती में प्रयुक्त करीब 15 तांबे के पात्र चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर में पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनकी सूचना पुलिस को दी गई थी। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद अब तक चोरों की पहचान नहीं हो पाई है। ग्राम प्रधान बालम सिंह नौला ने पुलिस प्रशासन से मंदिर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने तथा ग्रामसभा क्षेत्र में बाहरी लोगों का सत्यापन अभियान चलाने की मांग की है। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य रेखा नगरकोटी, बीडीसी सदस्य प्रति. निधि राम सिंह नगरकोटी, सांसद प्रतिनिधि त्रिलोक सिंह नौला, तेज सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# यूयूएसडीए दफ्तर का किया घेराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्य पेयजल लाइन को शिफ्ट किए जाने के विरोध में सोमवार को वार्ड-48 मल्ली बमौरी के लोगों ने स्थानीय पार्षद मुकुल बल्यूटिया के नेतृत्व में यूयूएसडीए कार्यालय पहुंचे और अधिकारी का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मुकुल बल्यूटिया द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि मल्ली बमौरी क्षेत्र की मुख्य पेयजल लाइन को हटाकर दूसरी जगह स्थानांतरित करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि लाइन शिफ्ट की गई तो क्षेत्र के हजारों परिवारों को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ेगा। कहा कि किसी भी कीमत पर पेयजल लाइन को हटाने नहीं दिया जाएगा। पार्षद मुकुल बल्यूटिया ने आरोप लगाया कि पिछले डेढ़ वर्ष से



क्षेत्र में पेयजल, सीवर लाइन और सड़क निर्माण कार्य अव्यवस्थित तरीके से किए जा रहे हैं। अधूरे और अनियमित कार्यों के कारण स्थानीय लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग से सभी निर्माण कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग की। उन्होंने कहा अगर शीघ्र ही समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी आंदोलन को बाध्य होंगे। घेराव व प्रदर्शन करने वालो में विनोद दानी, आरएस जलाल, एसएन पांडेय, दीवान सिंह, ललित, दीवान अधिक. ारी, नीरज जोशी, हितेश सुयाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# होम स्टे का निरीक्षण किया

**हल्द्वानी।** डीएम के निर्देश पर एसडीएम प्रमोद कुमार ने सोमवार को शहर में संचालित होम स्टे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दमुवाढूंगा बंदोबस्ती क्षेत्र स्थित जेडी होम स्टे और कुटुंब होम स्टे में कई अनियमितताएं सामने आई, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की संस्तुति की गई है। निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के निकट स्थित जेडी होम स्टे के निरीक्षण के दौरान होटल स्वामी नीरज शर्मा मौजूद रहे। जांच में पाया गया कि प्रतिष्ठान टूरिस्ट गेस्ट हाउस के रूप में पंजीकृत है, जबकि इसका संचालन होम स्टे के नाम से किया जा रहा है। यहां कुल आठ कमरे पाए गए। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि पार्किंग की व्यवस्था पड़ोसी की भूमि पर की जा रही है, लेकिन इसके लिए कोई अनुबंध प्रस्तुत नहीं किया गया। परिसर में रेट लिस्ट भी प्रदर्शित नहीं थी। यहां लगे दो अग्निशमन यंत्र एक्सपायर पाए गए। रेस्टोरेंट संचालित नहीं था। हालांकि कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराया गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि एक्सपायर अग्निशमन यंत्र भविष्य में दुर्घटना का कारण बन सकते है। ऐसे में अग्निशमन विभाग से तत्काल कार्रवाई की अपेक्षा की गई है। साथ ही पार्किंग व्यवस्था नहीं होने पर भी नियमानुसार कार्रवाई की संस्तुति की गई है। वहीं, कुटुंब होम स्टे के निरीक्षण के दौरान केयरटेकर नीरज जोशी मौजूद रहे। जांच में पाया गया कि भवन स्वामी स्वयं परिसर में निवास नहीं करते है, जबकि होम स्टे नियमावली के अनुसार भवन स्वामी का वहां रहना अनिवार्य है। होम स्टे में कुल छह कमरे पाए गए। निरीक्षण में किचन और रेस्टोरेंट की व्यवस्था नहीं मिली। रेट लिस्ट भी चस्पा नहीं की गई थी। अग्निशमन यंत्र पर निर्माण वर्ष 2024 अंकित था, लेकिन समाप्ति तिथि दर्ज नहीं मिली। केयरटेकर नीरज जोशी का पुलिस सत्यापन भी नहीं कराया गया था। हालांकि पार्किंग व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण रिपोर्ट में होम स्टे नियमावली के उल्लंघन को गंभीर मानते हुए कुटुंब होम स्टे का पंजीकरण निरस्त किए जाने की संस्तुति की गई है।

# बढ़ते अपराधों पर यूकेडी खफा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कैंची धाम क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों से लग रहे जाम, जंगली जानवरों के हमलों और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर सोमवार को उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय उपाध्यक्ष भुवन चंद्र जोशी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता एसडीएम कोर्ट पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजा। सीएम को भेजे गए ज्ञापन में यूकेडी नेताओं ने कहा कि इस जाम के कारण स्थानीय लोगों का जनजीवन अत्यंत प्रभावित हो गया है। लोग हल्द्वानी आने और वापस अपने घर जाने से पहले कई बार सोचने को मजबूर हो रहे हैं। मरीजों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है, जबकि कई यात्रियों की ट्रेनें भी छूट जाती हैं। ज्ञापन में प्रदेश में जंगली जानवरों के हमलों से हो रही लगातार मौतों पर भी चिंता



जताई गई। साथ ही महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार और यौन अपराधों की घटनाओं को गंभीर बताते हुए इन समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई। यूकेडी नेताओं ने मुख्यमंत्री से जनहित में शीघ्र प्रभावी कार्रवाई करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में केंद्रीय उपाध्यक्ष भुवन चन्द्र जोशी, गंगा सिंह मेहरा, एनडी तिवारी, मोहन कांडपाल, मोहन सिंह नेगी, मदन सिंह मेर, दीपक भारती, गोविंद सिंह गस्याल, सूरज पांडे, बृजमोहन सिजवाली, कुलदीप सिंह बिष्ट, प्रकाश चन्द्र जोशी, भुवन सिंह बिष्ट, राजीव लोचन, बच्ची सिंह बिष्ट, अभिषेक जोशी, परवीन जोशी, सीएस भट्ट एवं जगत सिंह डोभाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मार्शल आर्ट चैंपियनशिप शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बरेली रोड स्थित दून कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 4जी नैनीताल डिस्ट्रिक्ट मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एसीएफ डिवीजनल सेल्स मैनेजर यूकेएफडीसी के उपेंद्र बर्तवाल, दून कॉन्वेंट स्कूल के डायरेक्टर पल्लव साह, प्रधानाचार्य कृष्णा जोशी तथा दिल्ली प्ले स्कूल के डायरेक्टर महेश चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य कृष्णा जोशी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित अभ्यास और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि उपेंद्र बर्तवाल ने बच्चों में छोटी उम्र से मार्शल आर्ट जैसे साहसिक खेलों के प्रति बढ़ते आकर्षण की सराहना की और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। दून कॉन्वेंट स्कूल के डायरेक्टर पल्लव साह ने खिलाड़ियों को हार-जीत से ऊपर उठकर निष्पक्षता और खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी। चैंपियनशिप में दून कॉन्वेंट स्कूल, आनंदा एकेडमी, लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लगभग 70 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। रोमांचक मुकाबलों के बाद आनंदा एकेडमी ने सर्वाधिक गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीतकर ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। दून कॉन्वेंट स्कूल ने दूसरा स्थान प्राप्त कर फर्स्ट रनर-अप ट्रॉफी हासिल की, जबकि लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। इस मौके पर वॉरियर मार्शल आर्ट्स वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सौरभ गौड़, उपाध्यक्ष अजय सिंह, महासचिव सौरभ सनवाल, दीपक गौड़, हरीश भट्ट, हरीश कांडपाल सहित शिक्षिका गीता अधिकारी, छाया भंडारी, ममता बनौला, संगीता रावत, संजू सती, कविता कनौजिया, उदित बिष्ट, रीना गुरुरानी, शीतल जोशी, मनोज जोशी, एके भाटिया आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बाइक और कार की भिड़ंत

- बाइक सवार पिता सहित चार लोग घायल
- घायलों में तीन स्कूली बच्चे भी शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली में तैनात होमगार्ड प्रमोद कुमार सोमवार सुबह अपने गांव कामदेवपुर पीरुमदारा से अपने तीन मासूम बच्चों को बाइक से स्कूल छोड़ने जा रहा था इसी बीच स्कूल से कुछ दूरी पर ही एक अज्ञात कार चालक ने तेज व लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार होमगार्ड प्रमोद कुमार और उसकी पुत्री महक,इशिका और पुत्र हिमांश चारों घायल हो गए घायलों को आसपास मौजूद लोगों व पुलिस कर्मियों ने तुरंत उपचार के लिए 108 की मदद से रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

घटना में घायल होमगार्ड प्रमोद कुमार ने बताया कि वह सोमवार सुबह ग्राम ललितपुर में स्थित स्कूल में अपनी 12 वर्षीय बेटी महक, 14 वर्षीय बेटी इशिका और 5 वर्षीय पुत्र हिमांश को बाइक से स्कूल छोड़ने जा रहा था इसी बीच स्कूल से कुछ पहले ही मोड पर एक अज्ञात कार चालक ने सामने से बाइक पर टक्करमार दी जिसमें चारों लोग घायल हो गए जिनका रामनगर की सरकारी अस्पताल में उपचार चल रहा है पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है वही पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति के द्वारा तहरीर मिलने पर आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# घर के अंदर पंखे से लटका मिला भाजपा नेता का पुत्र

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आदर्श कॉलोनी क्षेत्र में भाजपा नेता के पुत्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर पंखे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात नरेंद्र ग्रोवर ने आदर्श कॉलोनी चौकी में सूचना दी कि उनके दामाद कपिल देव उर्फ शेरा पुत्र सतनाम सिंह निवासी वैष्णो देवी मंदिर आदर्श कॉलोनी वार्ड नंबर 30 ने घर के अंदर फांसी लगा ली है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि जब परिजनों को कपिल के कमरे से कोई हलचल सुनाई नहीं दी तो उन्होंने दरवाजा खोलने का प्रयास किया, लेकिन कमरा अंदर से बंद था। इस पर कपिल के भाई तरुण उर्फ सन्नी ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। अंदर का दृश्य देखकर परिवार के होश उड़ गए। कपिल गुलाबी रंग के दुपट्टे के फंदे से पंखे पर लटका हुआ था। परिजनों ने तत्काल उसे नीचे उतारा और उसकी सांसें चलने की उम्मीद में बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को मृतक का शव वैष्णो देवी मंदिर के सामने बरामदे में चादर से ढका हुआ मिला। पुलिस ने कमरे का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ ही परिजनों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि मृतक के पिता सतनाम सिंह भाजपा से जुड़े हुए हैं।

## तमंचे के साथ एक आरोपी युवक को दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंगलार चौराहे के समीप आदर्श कॉलोनी निवासी शमी को एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है। इस दौरान पुलिस टीम में कांस्टेबल महबूब आलम, गगन भंडारी, विजेंद्र गौतम, अशोक कांबोज शामिल रहे।

## कच्ची शराब के साथ युवक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** प्रभारी निरीक्षक थाना बाजपुर के नेतृत्व में दोराहा चौकी पुलिस द्वारा क्षेत्र में गश्त और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस ने अभियुक्त लाडी सिंह पुत्र सुवेग सिंह निवासी महेशपुरा थाना बाजपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक पीले प्लास्टिक के कट्टे में रखे 67 पन्नी कच्ची शराब के पाउच बरामद किए, जिनकी कुल मात्रा लगभग 25 लीटर बताई जा रही है।

बरामदगी के आधार पर कोतवाली बाजपुर में अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह मेहता, कांस्टेबल कैलाश पांडे एवं राजेश नाथ शामिल रहे।

# उत्तराखंड में बढ़ते अपराधों व माफियाओं पर अंकुश लगाने की मांग

- एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकारी जिला अध्यक्ष शिवलाल रस्तोगी के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड में बढ़ते अपराध व सक्रिय माफियाओं पर अंकुश लगाने हेतु खटीमा एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन प्रेषित किया।



ज्ञापन में लिखा है कि अंकिता भंडारी हत्याकांड, चंपावत की नाबालिग बेटी के साथ बलात्कार जैसी घटनाओं में राष्ट्रीय पार्टी के नेताओं के नाम उजागर होने से तथा उत्तराखंड में लगातार बढ़ते अपराधिक घटनाओं से देवभूमि उत्तराखंड की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया है कि ऐसी घटनाओं में स्थानीय प्रशासन व मित्र पुलिस की मिली भगत एक चिंता का विषय है। सरकार द्वारा इन घटनाओं पर नियंत्रण न कर पाना भी चिंता का विषय है। ज्ञापन में लिखा है कि महिलाओं के साथ बढ़ते अत्याचार व बलात्कार की घटनाओं, भूमाफियाओं, खनन भूमियाओं, वन माफियाओं व शराब माफियाओं की उत्तराखंड में बाढ़ आ गई है जिसको नियंत्रित कर पाने में उत्तराखंड सरकार असफल रही है। उन्होंने ज्ञापन प्रेषित कर अपराधों और माफियाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है। ज्ञापन में हरीश चंद्र फुलेरा, उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष शिव शंकर भाटिया, सुंदर सिंह मनोला तथा योगेश बोरा आदि के हस्ताक्षर थे।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वृहद रोजगार मेला संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर में विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा एक भव्य रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्यद्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस पूरे विशेष आयोजन की रूपरेखा कार्यक्रम संयोजक डॉ. आदर्श कुमार चौधरी द्वारा किया गया।

इस रोजगार मेले में कॉर्पोरेट जगत की दिग्गज कंपनियों ने शिरकत की, जिनमें बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर से कई प्रमुख बैंक मौजूर रहे। इसके साथ ही ऑटोमोबाइल क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार और व्यक्तिगत चर्चा के माध्यम से अभ्यर्थियों के कौशल और व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया गया। कार्यक्रम में करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. जया कांडपाल, डॉ. दीपक कुमार एवं डॉ. नीलम मनोला ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के अन्य वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विकास रंजन, डॉ प्रमोद कोठारी, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. मनप्रीत सिंह, डॉ भावना कपकोटी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# डा. सरस्वती कोहली को दिया जाएगा पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पिथौरागढ़ निवासी कुमाउंनी पत्रिका आदलि कुशलि की संपादक डा. सरस्वती कोहली को पुरस्कार दिया जाएगा। यह निर्णय पुरस्कार निर्णायक समिति के सदस्यों की बैठक में लिया गया।



बैठक के बाद प्रो गिरीश चंद्र पंत ने बताया कि सरस्वती कोहली ने कुमाउनी साहित्य में लोक संस्कृति विषय से अपना शोध कार्य किया है इसके साथ ही वे समय समय पर लोक साहित्य संकलन एवं लोक संस्कृति के संरक्षण के लिए गोष्ठियां, सेमिनार आयोजित करवाती रहती हैं। उनकी दूरदर्शन, आकाशवाणी से उनकी कविताएं एवं विभिन्न विषयों पर चर्चाएं प्रसारित होती रहती हैं। सरस्वती कोहली 2017 से पिथौरागढ़ से कुमाउनी मासिक पत्रिका आदलि कुशलि का प्रकाशन एवं संपादन कर रही हैं। इस समय उनकी तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। कुमाउंनी कहावतें एवं मुहावरे, मां से सुनी थी, कुमाऊं की लोक कथाएं और भाना गंगानाथ एक प्रेम कथा है।यह पुरस्कार स्वर्गीय मथुरादत्त मठपाल की 29 जून को 85 वीं जयंती के मौके पर दिया जाएगा। इस दौरान बैठक में प्रो गिरीश चंद्र पंत, दुदबोली के संपादक चारु तिवारी व्यवस्थापक सुरेंद्र हाल्सी, नवेंदु मठपाल, निखिलेश उपाध्याय, नवीन तिवारी,भुवन पपनै आदि मौजूद रहे।

# महापौर ने संजय नगर खेड़ा से किया 'महापौर जनता के द्वार' अभियान का आगाज

- बहुद्देशीय शिविर लगा मौके पर ही निपटाई जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अपने चुनावी वायदों को धरातल पर उतारते हुए महापौर विकास शर्मा ने सोमवार को 'महापौर जनता के द्वार' अभियान का शुभारंभ वार्ड नंबर 11 संजय नगर खेड़ा बस्ती से किया। नगर निगम द्वारा आयोजित पहले बहुद्देशीय शिविर में विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनमें कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण भी किया गया। महापौर ने घोषणा की है कि अब प्रत्येक सोमवार को अलग-अलग वार्डों में इसी प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएंगे।



'महापौर जनता के द्वार' अभियान के तहत पहला शिविर संजय नगर खेड़ा स्थित बसंती पूजा मैदान में लगाया गया। शिविर में नगर निगम, बिजली विभाग, जल संस्थान, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग, जन्म प्रमाण पत्र शाखा तथा आयुष्मान योजना समेत विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे।

इन स्टॉलों पर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ मौके पर ही सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर में लोगों की भीड़ सुबह से ही उमड़नी शुरू हो गई थी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने योजनाओं का लाभ उठाया।

शिविर में महापौर विकास शर्मा, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने स्वयं मौजूद रहकर लोगों की समस्याएं सुनीं। कई शिकायतों का तत्काल समाधान किया गया जबकि अन्य समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। लोगों ने बिजली, पेयजल, राशन कार्ड, पेंशन, सफाई व्यवस्था और अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं।

महापौर ने कहा कि नगर निगम सरकार और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार में रुद्रपुर शहर तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है और विकास कार्य जनता की भावनाओं एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप कराए जा रहे हैं। नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने कहा कि 'महापौर जनता के द्वार' कार्यक्रम जनभावनाओं का सम्मान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने कहा कि कई बुजुर्ग, महिलाएं और जरूरतमंद लोग विभिन्न कारणों से सरकारी कार्यालयों तक नहीं पहुंच पाते, ऐसे में वार्ड स्तर पर लगाए जा रहे शिविरों से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. पियूष रंजन, राजू नबियाल, पार्षद पवन राणा, पार्षद चिराग कालरा, राधेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# जनता की समस्या को गंभीरता से सुनें और उसका हल करें अधिकारी: मौर्य

- जिला पंचायत की सामान्य बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अध्यक्ष जिला पंचायत अजय मौर्य की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य बैठक जिला पंचायत सभागार में आहूत की गयी। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं को भी लेकर जनता जनप्रतिनिधियों के पास आती और जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता की समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को अवगत कराते हैं। इसलिए जनता की जो भी समस्या है उसे सम्बन्धित अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण/जांच कर समाधान किया जाए।



बैठक का प्रारम्भ करते हुए अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत द्वारा अध्यक्ष की अनुमति से सदन के सम्मुख पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं बजट सम्बन्धी जानकारी दी गयी तथा उन्होंने बताया कि जिला पंचायत हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में आय पक्ष हेतु रु० 1,03,07,08,139.00 एवं व्यय पक्ष हेतु रू0 1,02.15.58.139.00 प्राविधान रखा गया है। सदस्य भाष्कर सम्मल द्वारा सदस्यों को प्रति बैठक मिलने वाले भत्ते की बढोतरी किये जाने एवं विधायकों की तरह जिला पंचायत सदस्यों को भी निधि दिये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने की मांग रखी। चर्चा के दौरान सदस्य चरन्जीत सिंह, सूरज नारायण, भाष्करण सम्मल, नईम अहमद व रीता कफल्टिया आदि सदस्यों द्वारा अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विद्युत, शिक्षा, जलापूति, सिचाई, चिकित्सा आदि विषयों पर अपनी समस्याओं से सदन को अवगत कराया गया।

मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने कहा कि बैठक में जो भी जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्याएं रखी है उसे प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी समस्याएं उठायी गयी है उन समस्याओं के सामाधान हेतु स्थानीय स्तर पर भ्रमण कर समाधान किया जाये। अन्त में अध्यक्ष द्वारा सभा में उपस्थित सदस्यों एवं अधिकारिगणों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्त की गयी। बैठक में जिला पंचायत हीरा देवी, रीता कफल्टिया, संगीता राणा, अनिमा सिंह, मधु राणा, आशा देवी, सूरज नारायन, सदफ मलिक, भाष्कर सम्भल, गुरदास कालडा, प्रेम प्रकाश, रेनु गंगवार, दीपा, भावना कोरंगा, शिल्की खेडा, रेखा रानी, सुषमा हलदार, मौ. फुरकान, जितेन्द्र शर्मा, सीमा कौर, योगेन्द्र सिंह ढोबाल, कैलाश रानी शर्मा, बीनू, रुकमणी, सुरेन्द्र कौर, रजनी, नईम अहमद, कामिनी सिंह, मौ. हसन, चरनजीत सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके अग्रवाल, डीएफओ यूसी तिवारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत जीसी भट्ट सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# उप नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक कापड़ी का उप तहसील में चल रहे धरने को दिया समर्थन

## छह दिनों से उप तहसील में चल रहे धरने की अधिकारी नहीं ले रहे सुध

- अतिक्रमण की झूठी रिपोर्ट देने वाले राजस्व विभाग के पटवारी व कर्मचारियों की एसडीएम से कराई जाए जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** प्रदेश की सरकार किसानों की अपेक्षा कर रही है, वहीं अधिकारी सत्ता के दबाव में काम कर रहे हैं यह बात उप तहसील नानकमत्ता के प्रांगण में चल रहे अनिश्चितकालीन धरने का समर्थन करते हुए खटीमा के कांग्रेस विधायक भुवन चंद कापड़ी ने अपने विचारों में कहीं है।

सोमवार को उप तहसील नानकमत्ता पहुंचे खटीमा कांग्रेस के विधायक भुवन चंद कपड़ी ने यहां तहसील प्रांगण में छह दिनों से चल रहे अनिश्चितकालीन धरने पर अपने समर्थकों संग बैठे कांग्रेस के युवा नेता ग्राम सरौजा के वजिन्दर सिंह मोमी को अपना समर्थन दिया। विधायक कापड़ी ने कहा कि कर्मचारी व अधिकारी वर्तमान सरकार के हाथों का खिलौना बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि पटवारी व राजस्व विभाग अधिकारियों द्वारा



मिली भगत व दवाव में आकर बीते चुनाव में वजिंदर सिंह तथा उनके पिता के विरुद्ध फर्जी अतिक्रमण की रिपोर्ट के आधार पर उनका चुनाव का नामांकन निरस्त कराया गया है जबकि राजस्व द्वारा जो अतिक्रमण दिखाया गया वह वन भूमि का नम्बर 672/1 नम्बर हैं जिसमें वन भूमि का ही कब्जा है। जो मांगी गयी सूचना में भी स्पष्ट दिया गया है। उन्होंने कहा अतिक्रमण की झूठी रिपोर्ट देने वाले राजस्व विभाग के पटवारी व कर्मचारियों की एसडीएम से जांच कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलता है तब तक इसी प्रकार से धरने को और तेज किया जाएगा।

यहां कांग्रेस के नेता अशोक सिंह राणा, सुखविंदर सिंह मोमी, जिंदर सिंह, संदीप सिंह, युवराज सिंह, कृपाल सिंह, कुलविंदर सिंह, सतनाम सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

**संबन्ध विच्छेद**

मैने अपने पुत्र हर्षित एवं पुत्रवधू मानसी को उनके द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर समस्त संबन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेन-देन एवं कृत्य से मेरा कोई संबंध नहीं होगा।

**सर्वेश सिंह पुत्र स्व. हरी सिंह**
**निवासी-वार्ड नं. 06, बण्डिया, किच्छा, जिला-उधमसिंह नगर**
**हाल निवासी- 108, सिविल लाइन, पीडब्ल्यूडी, बरेली, उत्तर प्रदेश**

## एक नजर

### चटिया फार्म में लगा विधिक एवं स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम चटिया फार्म में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता ग्राम प्रधान चंद्रकला रौतेला व संचालन पीएलवी विमल कुमार ने किया। शिविर में मरीजों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। 60 मरीजों का ब्लड टेस्ट किया गया। इसके उपरांत दवा वितरण किया गया।



शिविर में राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी अध्यक्षता से अपने वादों को निपटाने, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को कामिनी जानकारी नशे से बचाव आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। वहीं डॉक्टर शैलजा पांडे ने एचपीवी वैक्सीन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा इस संबंध में फैले हुए भ्रम को दूर किया। इस मौके पर डॉक्टर संदीप मिश्रा, सीएचओ शिवांगी बिष्ट, अनु राणा, गंगा जोशी, नीमा पांडे, कमला अधिकारी, शकुंतला, सुनीता, मीरा देवी, भगवती राणा तथा मानवती राणा आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री आगमन की तैयारियों को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षक किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के नगर में आगमन की तैयारियो को लेकर पूर्व विधायक एव भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।



सोमवार को पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना ने नगर के गुरुद्वारा मार्ग पर स्थित इंटर कालेज के सामने खाली प्रांगण का निरीक्षण किया ,इस दौरान विधायक राना ने जानकारी देते हुए बताया की 16 मई को नानकमत्ता में महाराणा प्रताप की जयंती उत्सव के उपलक्ष्य में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिरकत कर रहे हैं। उनके आने की तैयारियों के निमित्त कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के दौरान यहां पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राणा, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, दर्जा राज्यमंत्री राजपाल सिंह, वरुण अग्रवाल, कोतवाली निरीक्षक संजय पाठक मौजूद रहे ।

**16 मई को नानकमत्ता पहुंचेगे मुख्यमंत्री धामी**

### अत्यंत धीमी गति से हो रहा लेबड़ा पुल निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** सोमवार को बेरिया रोड पर डेढ़ करोड़ रूपये की लागत से बन रहे लेबड़ा नदी पुल का निर्माण अत्यंत धीमी गति से होने व निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा हीलाहवाली बरते जाने की शिकायत भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष यशपाल राजहंस ने जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया से स्वयं मिलकर की है। राजहंस ने डीएम भदौरिया से पुल का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने की माँग की है। डीएम भदौरिया ने एसडीएम बाजपुर डॉ. अमृता शर्मा को मौके की स्थिति की रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

**भाजपा नेता यशपाल राजहंस ने डीएम नितिन सिंह भदौरिया से की शिकायत**

### दूषित पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम मुंडिया पिस्तौर देहात में दूषित पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिला। सोमवार को ग्राम प्रधान सरदार हरमीत सिंह बड़ैच के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील पहुंचे और एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा का घेराव कर समस्या के जल्द समाधान की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप था कि लंबे समय से गांव में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों ने प्रशासन से साफ पेयजल उपलब्ध कराने तथा संबंधित विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने तहसीलदार को मौके पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### युवक को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** अवैध हथियारों की रोकथाम और बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान दोराहा चौकी पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक थाना बाजपुर व वरिष्ठ उपनिरीक्षक कोतवाली बाजपुर के नेतृत्व में गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम ने अभियुक्त सागर सिंह पुत्र कृष्ण सिंह निवासी धीमरखेड़ा वार्ड नंबर-18, मसवासी थाना स्वार जनपद रामपुर (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया। बरामदगी के आधार पर कोतवाली बाजपुर में अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह मेहता, अपर उपनिरीक्षक सुनील कुमार, कांस्टेबल कैलाश पांडे एवं राजेश नाथ शामिल रहे।

### संतों के सानिध्य में पहुंचे ठुकराल शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने भुरारानी स्थित श्री भंजु राम अमर इंटर कॉलेज एवं अमर इंटरनेशनल स्कूल के 49वें वार्षिकोत्सव समारोह में पहुंचकर संत महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर स्वामी धर्म देव महाराज, संत राजन शर्मा, संत स्वामी रामानंदसमेत अनेक संत महात्मा उपस्थित रहे। समारोह के दौरान संतों ने राजकुमार ठुकराल को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राजकुमार ठुकराल ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार और चरित्र निर्माण की सबसे बड़ी आधारशिला है। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक संस्थान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रहे हैं, जहां विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ा जा रहा है। इस मौके पर अशोक अदलखा, राजेन्द्र कालड़ा, सुरेश ढींगरा, सुरेश गांधी, चेतन मारग्रेट, पार्षद गौरव गिरि, चिराग कालरा, मोहन खेड़ा, आनंद शर्मा, सुनील जंडवानी, राकेश कालड़ा, मुकेश वशिष्ठ, पारस चुघ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# डीएम मनीष कुमार का अफसरों को सख्त संदेश

■ जनता का भरोसा नहीं टूटना चाहिए




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक सोमवार को आयोजित किए जाने वाले जनता मिलन कार्यक्रम में लोगों का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को खराब मौसम के बावजूद करीब 50 लोगों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी समस्याएं जिलाधिकारी मनीष कुमार के समक्ष रखीं।

जनता मिलन कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने पूर्व में दिए गए निर्देशों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को साफ शब्दों में चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर जनता का भरोसा टूटना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन के लिए भले ही कुछ समस्याएं छोटी लग सकती हैं, लेकिन 50 किलोमीटर दूर से केवल आधार कार्ड ठीक कराने आने वाले व्यक्ति का दर्द समझना जरूरी है। डीएम ने कहा कि जनता मिलन कार्यक्रम का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि समस्या का समाधान सुनिश्चित करना है। एक बार जब कोई व्यक्ति अपनी समस्या प्रशासन के सामने रख देता है तो उसका समाधान करना प्रशासन का नैतिक दायित्व बन जाता है। जनता मिलन कार्यक्रम में वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि, जंगली जानवरों से खेती और बागवानी की सुरक्षा, सौर ऊर्जा सुविधा, बीपीएल कार्ड, साइबर अपराधों की रोकथाम, आधार कार्ड में जन्मतिथि संशोधन, पेयजल, विद्युत कनेक्शन, सामूहिक शौचालय और पैदल पुल निर्माण सहित विभिन्न समस्याएं सामने रखी गईं। जिलाधिकारी ने सभी मामलों में त्वरित कार्रवाई और समाधान के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, अपर जिलाधिकारी केएन गोस्वामी, एसडीएम विपिन पंत, एपीडी बीम्मी जोशी, मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# झूठ और षड्यंत्र की राजनीति कर रहा विपक्ष: रुचि भट्ट

■ भाजपा महिला मोर्चा ने कहा, संवेदनशील मामले को राजनीतिक हथियार बनाकर प्रदेश की छवि ख राब करने की साजिश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** चर्चित दुष्कर्म नहीं बल्कि "षड्यंत्र" प्रकरण को लेकर टनकपुर भाजपा कार्यालय में भाजपा महिला मोर्चा ने आक्रामक तेवरों के साथ प्रेस वार्ता कर विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने विपक्ष को "झूठ, भ्रम और सस्ती राजनीति" करने वाला बताते हुए कहा कि कुछ लोग प्रदेश का माहौल खराब करने के लिए एक मासूम बच्ची तक को राजनीतिक हथियार बनाने से पीछे नहीं हटे।

उन्होंने कहा कि बिना तथ्य और जांच का इंतजार किए विपक्ष लगातार अनर्गल बयानबाजी कर रहा है, जिससे पूरे चंपावत जनपद और उत्तराखंड की छवि को नुकसान पहुंचा है। रुचि भट्ट ने तीखे शब्दों में कहा कि "जनता सब समझ रही है, 2027 में प्रदेश की जनता ऐसे राजनीतिक षड्यंत्रकारियों को करारा जवाब देगी। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए विपक्ष पर प्रदेश में भ्रम, डर और अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल सत्ता की लालसा में समाज को बांटने और संवेदनशील मामलों को भड़काने का काम कर रहे हैं।

दर्जा राज्य मंत्री हेमा जोशी, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपा जोशी, प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी समेत महिला मोर्चा की कई पदाधिकारियों ने विपक्ष को "जनविरोधी मानसिकता" वाला बताते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह मजबूत है और अफवाह फैलाने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी।

प्रेस वार्ता के दौरान राज्य मंत्री हेमा जोशी, प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी, प्रदेश कार्यलय प्रभारी बबली चौहान, प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक सुनीता मुरारी, कुमाऊं सह संयोजक विनीता फर्त्याल, जिलाध्यक्ष दीपा जोशी मण्डल अध्यक्ष तुलसी कुंवर, जिला महामंत्री सरोज चंद, जिला उपाध्यक्ष अनिता यादव, जिला उपाध्यक्ष रुचि धस्माना, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष बबिता गोस्वामी सहित महिला मोर्चा जिला मंडल की महिलाएं मौजूद रहीं।

# सिंह कॉलोनी में विकास कार्यों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मेयर विकास शर्मा ने वार्ड नंबर 33 सिंह कॉलोनी में पार्षद सुशील चौहान के साथ करीब 26 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। हीरा बल्लभ पांडेय के घर से सिंह कॉलोनी गली नंबर-3 तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य और स्वर्गीय हरिराज सिंह चौहान स्मृति द्वार की आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने मेयर का स्वागत कर सम्मानित किया। मेयर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यहां भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, पार्षद सुशील चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, मंडल महामंत्री जितेंद्र संधू आदि थे।

# ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं इंद्रा देवी

■ 14 वाहिनीं मुख्यालय को 555 किलो जीवित मुर्गियों की सपफल आपूर्ति




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत महिलाओं को स्वरोजगार एवं आजीविका संवर्धन से जोड़ने हेतु संचालित गतिविधियों के सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड बिण के अंतर्गत हिमालय CLF से संबंधित मोस्टा बाबा स्वयं सहायता समूह की सदस्य इंद्रा देवी, ग्राम गोगना डाकुड़ा द्वारा पशुपालन विभाग के सहयोग से 14 वाहिनी मुख्यालय जाजरदेवल, पिथौरागढ़ को 555 किलोग्राम जीवित मुर्गियों की सफल आपूर्ति की गई। यह उपलब्धि ग्रामीण महिलाओं की मेहनत, उद्यमिता एवं सामूहिक सहभागिता का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है।

इंद्रा देवी को वर्ष 2025-26 में ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत व्यक्तिगत उद्यम "मुर्गी पालन" हेतु तीन लाख रुपये का बिजनेस प्लान स्वीकृत किया गया था। इस योजना के अंतर्गत 1,50,000 रुपये का बैंक ऋण जिला सहकारी बैंक से प्राप्त किया गया, 75,000 रुपये का सहयोग ग्रामोत्थान परियोजना द्वारा तथा 75,000 रुपये स्वयं की बचत से निवेश कर उन्होंने मुर्गी पालन का कार्य प्रारंभ किया। वर्तमान में उनका यह उद्यम सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है तथा वे निरंतर आय अर्जित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

विशेष बात यह है कि इतनी बड़ी मांग की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु इंद्रा देवी ने अपने साथ-साथ अपने गांव की दो अन्य महिलाओं को भी इस कार्य से जोड़ा है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा मिला है। यह पहल अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बन रही है। इसके अतिरिक्त अगले सप्ताह 14 वाहिनी मुख्यालय हेतु लगभग 600 किलोग्राम जीवित बकरियों की आपूर्ति भी प्रस्तावित है, जिसके लिए स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं वर्तमान में मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पूरी तैयारी में जुटी हुई हैं। अपर सचिव ग्राम्य विकास विभाग झरना कमठान एवं मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी के निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग से इस प्रकार की आजीविका गतिविधियों को नई दिशा मिल रही है। ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं विपणन सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे महिलाएं आत्मविश्वास के साथ उद्यमिता की ओर अग्रसर हो रही हैं।

14 वाहिनी मुख्यालय को की गई यह आपूर्ति महिला समूहों की कार्यक्षमता, गुणवत्ता आधारित उत्पादन एवं सामूहिक प्रयासों का सफल उदाहरण है। परियोजना से जुड़े अधिकारियों एवं स्थानीय समुदाय द्वारा इंद्रा देवी एवं मोस्टा बाबा स्वयं सहायता समूह की इस उपलब्धि की सराहना की गई तथा भविष्य में भी इस प्रकार की आजीविका गतिविधियों को और अधिक प्रोत्साहित करने की बात कही गई।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी ने कहा ग्रामोत्थान परियोजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर ही बाजार एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। आज महिलाएं न केवल सफल उद्यमी बन रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ रही हैं। इंद्रा देवी एवं स्वयं सहायता समूह की यह उपलब्धि दर्शाती है कि सामूहिक प्रयास, सही मार्गदर्शन और बाजार उपलब्ध होने पर ग्रामीण महिलाएं बड़ी से बड़ी मांग की आपूर्ति करने में सक्षम हैं। आने वाले समय में इस प्रकार की गतिविधियों को और अधिक विस्तार दिया जाएगा, जिससे अधिकाधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें।

# एक पेड़ मां के नाम थीम के साथ मनाया मातृ दिवस

■ माताओं के सम्मान में सजा भावनाओं और संस्कारों का सुंदर मंच




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** कुमाऊंनी महिला क्लब द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर रविवार 10 मई 2026 को राजश्री होटल टनकपुर में एक भावपूर्ण एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब की अध्यक्षा सुमन वर्मा ने की। इस वर्ष मातृ दिवस की मुख्य थीम "एक पेड़ मां के नाम" रखी गई, जिसने कार्यक्रम को सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश से भी जोड़ दिया।

कार्यक्रम में क्लब की समस्त महिला सदस्यों की माताओं एवं सासुमाताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मातृशक्ति के सम्मान में महिलाओं एवं बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने पूरे माहौल को भावुक और उत्साहपूर्ण बना दिया। महिला सदस्यों के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माताओं के प्रति अपना प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। वहीं माताओं ने भी मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का संचालन गीता प्रजापति ने शानदार ढंग से किया। कुमाऊँनी महिला क्लब की ओर से सभी माताओं को पुष्पमाला, पुष्पगुच्छ, सुंदरकांड एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी अतिथियों एवं माताओं को सूक्ष्म जलपान भी कराया गया। कार्यक्रम में कार्यकारिणी की वरिष्ठ महिला सदस्यों लीला तिवारी, पुष्पा मुरारी एवं हेमा जोशी को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा डॉ. प्रभा जोशी को राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त होने पर कुमाऊंनी महिला क्लब की ओर से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में शांति जोशी, रूक्मणी उप्रेती, गायत्री देवी, भागुली देवी, शकुंतला चंद, सरस्वती चंद, कमला चंद, भागीरथी चंद, मीना खर्कवाल, रामकली देवी सहित कई माताओं को सम्मानित किया गया। यहां दीप्ति चंद, पूनम गड़कोटी, रेनू चंद, ऋचा भट्ट, आशा पुजारी, अनीता नैथानी, नंदा धामी, ज्योत्सना खर्कवाल, सीमा तिवारी, कुसुम जोशी, सरोज चंद, रेखा बिष्ट, रेखा जोशी, रेखा चंद, ममता चंद एवं अन्य महिला सदस्य उपस्थित रहीं।

# जनसुनवाई दिवस में उठीं विभिन्न समस्याएं

■ अपर जिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

■ जनसुनवाई दिवस में आई सड़क, शिक्षा, एलपीजी गैस व उत्पीड़न से जुड़ी समस्याएं




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनसुनवाई दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह द्वारा की गई। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने सड़क, शिक्षा, पेयजल, गैस वितरण, राजस्व, उत्पीड़न एवं विकास कार्यों से संबंधित शिकायतें एवं समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। अपर जिलाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है तथा प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके उपरान्त अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह ने जनसुनवाई के उपरांत विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए सीएम हेल्पलाइन 1905 में लंबित शिकायतों की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एल-1 स्तर पर लंबित शिकायतों एवं 36 दिनों से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में अनावश्यक विलंब कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा सभी विभाग समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र वर्मा, डीडीओ रमा गोस्वामी, सीएमओ डा. एसएस नबियाल समेत विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# खटीमा में भाजपा महिला मोर्चा का कांग्रेस पर हमला

■ चंपावत प्रकरण में लगाए भ्रम फैलाने के आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट के खटीमा आगमन पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डॉ. विनीता सक्सेना के नेतृत्व में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया।

प्रेस वार्ता के दौरान चंपावत प्रकरण को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों और कथित षड्यंत्र पर भाजपा महिला मोर्चा ने कड़ा विरोध जताया। प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि कांग्रेस लगातार प्रदेश की जनता को भ्रमित करने और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की साफ छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि चंपावत मामले में जांच एजेंसियों द्वारा कई तथ्यों का खुलासा किया जा चुका है, जिससे कांग्रेस की राजनीति पूरी तरह बेनकाब हो गई है। इसके बाद महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी ने कहा कि महिला मोर्चा ऐसे सभी षड्यंत्रों को नाकाम करेगा और आने वाले चुनाव में कांग्रेस को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

जिलाध्यक्ष डा. विनीता सक्सेना ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा हमेशा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए मजबूती से खड़ा रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष केवल झूठी राजनीति और भ्रम फैलाने का कार्य कर रहा है, जबकि भाजपा जनता के विश्वास और विकास की राजनीति करती है। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि संगठन की शक्ति ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और महिला मोर्चा हर स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। वार्ता के दौरान महिला प्रदेश कार्यालय प्रभारी बबली चौहान, जिला महामंत्री प्रीति धीर, जिला उपाध्यक्ष नीलू गुप्ता, चंपावत सह प्रभारी विमला मुड़ेला सहित हेमा जोशी, शकुंतला, मंजू नेगी, रेखा आदि मौजूद रहीं।

# स्वयं सहायता समूह को मिला आत्मनिर्भरता का नया आसमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार की सोच अब जनपद चंपावत में धरातल पर उतरती दिखाई दे रही है। जिलाधिकारी मनीष कुमार के मार्गदर्शन में तहसील परिसर लोहाघाट में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कैन्टीन का शुभारम्भ किया गया, जिसका संचालन अब "उड़ान स्वयं सहायता समूह, मंगोली" की महिलाएं संभालेंगी।

तहसील परिसर में शुरू हुई यह कैन्टीन केवल चाय-नाश्ते तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक रोजगार का मजबूत मंच बनेगी। कैन्टीन का शुभारम्भ उपजिलाधिकारी नीतू डागर द्वारा किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कैन्टीन निर्माण एवं अनुरक्षण कार्य के लिए कुल 14 लाख 41 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी, जबकि निर्माण एवं अनुरक्षण कार्य लोक निर्माण विभाग लोहाघाट द्वारा कराया गया। "उड़ान स्वयं सहायता समूह" की अध्यक्ष विमला देवी के नेतृत्व में छह महिलाएं इस कैन्टीन में कार्य कर रही हैं। यहां आमजन और कर्मचारियों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन और जलपान की व्यवस्था की गई है।

# चम्पावत के युवाओं के लिए सुनहरा मौका: टाटा मोटर्स का 16 मई को लगेगा विशाल रोजगार मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर सामने आया है। जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार के निर्देशन में जिला सेवायोजन कार्यालय, चम्पावत द्वारा आगामी 16 मई 2026 को एक दिवसीय विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में आयोजित होगा, जहां बड़ी संख्या में युवाओं के चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

इस रोजगार मेले में क्वैस कॉर्प लिमिटेड (टाटा मोटर्स) के एचआर प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे, जो लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन करेंगे। भर्ती अभियान के तहत कुल 900 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। चयनित अभ्यर्थियों को टाटा मोटर्स के पंतनगर (रुद्रपुर) प्लांट में तैनाती दी जाएगी। भर्ती प्रक्रिया में इंटरमीडिएट, आईटीआई, स्नातक एवं समकक्ष योग्यता रखने वाले युवा प्रतिभाग कर सकेंगे। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित युवाओं को ₹16,250 प्रतिमाह वेतनमान दिया जाएगा। जिला सेवायोजन कार्यालय ने इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां, बायोडाटा और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 16 मई को सुबह 9:30 बजे तक रोजगार मेले में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता या मार्ग व्यय देय नहीं होगा। रोजगार मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का नेशनल करियर सर्विस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य रखा गया है। अभ्यर्थी एनसीएस पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। रोजगार मेले से संबंधित अधिक जानकारी और सहायता के लिए अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय चम्पावत पर संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

# महिलाओं हेतु आवश्यक सुविधाओं के प्रावधान को लेकर बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** सर्वोच्च न्यायालय में पारित आदेशों के अनुपालन के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. निर्मल सिंह बसेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महिलाओं की व्यक्तिगत स्वच्छता, मातृत्व सुविधाओं तथा कार्यस्थलों पर आवश्यक आधारभूत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों एवं कार्यालयों में महिला शौचालयों में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन एवं इंसिनरेटर स्थापित किए जाने, फीडिंग रूम की व्यवस्था करने तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश शामिल हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि बस स्टेशन, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, पूजा स्थलों एवं अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं एवं बालिकाओं की आवश्यकता के अनुसार सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, फीडिंग रूम एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी विभागों से शीघ्र कार्ययोजना तैयार कर निर्धारित समयावधि में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र वर्मा, डीडीओ रमा गोस्वामी, सीएमओ डा. एसएस नबियाल, विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाजपुर पहुंची सपा की सिख सामाजिक न्याय यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सिख सामाजिक न्याय यात्रा की शुरूआत गुरूद्वारा साहब पीलीभीत से शुरू हुई। यात्रा उत्तर प्रदेश के लखीमपुर बहराइच, शाहजहांपुर, बरेली, रामपुर होते हुए आज सोमवार उत्तराखंड के बाजपुर समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पहुंची। यात्रा पहुंचने अरविंद यादव राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी यूथ बिग्रेड ने साथियों के साथ स्वागत किया।

यात्रा के प्रभारी सरदार कुलदीप भुल्लर राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी प्रभारी पंजाब ने बताया उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों कें गुरूद्वारों में यात्रा का भरपूर स्वागत हुआ है स साथ ही सिख संगत ने समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। सिख समाज ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार ने सिख समाज को भारतीय जनता पार्टी की सरकार में कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। केवल सिखों को खुश करने के लिए उनके महापुरूषों का जन्मदिन और शहीदी दिन मनाकर सरकार सिखों को खुश रखना चाहती है, उनके हक उन्हें नहीं देना चाहती। कार्यक्रम में अमर सिंह, बलकार सिंह, गुरमीत सिंह, साहब सिंह विर्क, बाबा मावा सिंह, परमजीत सिंह भुल्लर, निरवैर सिंह, बाबा गुरमीत सिंह, कश्मीर सिंह, अमित कुमार, रहीस लाला, दीपक कुमार, विशाल यादव, दबीर समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# पूर्णागिरि मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

श्रद्धालुओं की भीड़ ने तोड़े पुराने रिकॉर्ड

**टनकपुर/चंपावत।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध पूर्णागिरि मेला में सोमवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने अब तक के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। सुहावने मौसम, सोमवार के विशेष पर्व तथा बच्चों के मुंडन संस्कार के शुभ अवसर के चलते उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए पहुंचे।

निजी वाहनों, रोडवेज बसों और ट्रेनों से लगातार श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला दिनभर जारी रहा। मुख्य मंदिर से लेकर काली मंदिर तक करीब सवा किलोमीटर लंबे मार्ग पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दर्शन की प्रतीक्षा में खड़ी दिखाई दीं। मेले में विभिन्न स्थानों पर लगातार चल रहे भंडारों से श्रद्धालुओं को काफी राहत मिल रही है। वहीं मेला आयोजन समिति द्वारा स्वच्छता, चिकित्सा, पेयजल और अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मेला मजिस्ट्रेट डॉ. ललित मोहन तिवारी एवं पुलिस उपाधीक्षक विमल प्रसाद द्वारा मेले से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों के साथ बेहतर समन्वय बनाए जाने से तीर्थ यात्रियों को काफी सुविधा मिल रही है।

उधर, शारदा घाट में पूर्व में हुई डूबने की घटनाओं को देखते हुए जल पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। घाटों पर सुरक्षा कर्मियों की लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# पुरातन छात्र अरुण शर्मा ने विद्यालयों को दिए कंप्यूटर व स्मार्ट शिक्षा उपकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**लोहाघाट।** समाज में सेवा और सहयोग की भावना ही इंसान को विशेष पहचान दिलाती है। दूसरों की मदद कर खुशियां बांटने वाले लोगों के कारण ही समाज का ताना-बाना मजबूत बना हुआ है। चंपावत जिले की ऐतिहासिक शिक्षण संस्था पंडित बेनीराम पुनेठा राजकीय इंटर कॉलेज लोहाघाट के पुरातन एवं मेधावी छात्र रहे गाजियाबाद निवासी अरुण शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय पहल करते हुए विद्यालय को 10 आधुनिक कंप्यूटर सेट भेंट किए हैं।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक सेवा के लिए पहचान बना चुके रोटरी क्लब साहिबाबाद के सौजन्य से दिए गए इन कंप्यूटर सेटों से अब विद्यालय के छात्र-छात्राएं आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जुड़ सकेंगे। वर्षों से हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवार रही इस प्रतिष्ठित संस्था में कंप्यूटर सुविधा बढ़ने से विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इसके साथ ही रोटरी क्लब साहिबाबाद एवं अल्पना मैनेजेस के सहयोग से स्वर्गीय आशुतोष विभाकर की स्मृति में ग्रामीण क्षेत्र के राजकीय आदर्श कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय सुई में इलेक्ट्रॉनिक स्मार्ट बोर्ड एवं कंप्यूटर सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

# शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन संस्कार एवं नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर बाजपुर में आयोजित कुमाऊं मंडल के 6 जिलों के प्रधानाचार्य सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन राष्ट्र गीत वन्दे मातरम का गायन कर हुआ।

सम्मेलन में विभिन्न विद्यालयों से पधारे प्रधानाचार्यों ने शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालय प्रबंधन, नवीन शिक्षण पध्दतियों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। सम्मेलन में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि जन शिक्षा समिति उत्तराखंड के मंत्री शत्रुघन सिंह राठौर एवं विशिष्ट वक्ता जन शिक्षा समिति के अध्यक्ष गौरी दत्त मठपाल ने शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन, संस्कार एवं नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही आगामी शैक्षिक सत्र हेतु विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। सम्मेलन के दौरान सभी प्रधानाचार्यों ने अपने अनुभव साझा किए तथा विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण निर्माण हेतु सुझाव दिए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधाचानार्य राजेन्द्र सिंह बिष्ट, सह प्रदेश निरीक्षक ईश्वरी दत्त जोशी, मंगत राम, राजेन्द्र चंद, गणेश उपाध्याय, विजय मित्तल, प्रतीक ग्रोबर, रोहित बंसल उपस्थित रहे।

